# तू है अकेला कैसे भला | By Uma Lahari

तू है अकेला कैसे भला साथ मैं तेरे
करके भरोसा देख ज़रा, साथ मैं तेरे
साथ मैं तेरे, मैं साथ हूँ तेरे
तू है अकेला ...........

मेरा कदम कदम पे तू एहसास पायेगा
कोई हो तेरा कुछ भी ना बिगाड़ पायेगा
तुझ पे रहेगी मेरी कृपा, साथ मैं तेरे
करके भरोसा देख ज़रा, साथ मैं तेरे
साथ मैं तेरे, मैं साथ हूँ तेरे
तू है अकेला ...........

खुशियों के तेरी राह में दिए जलाऊंगा
दामन में तेरे प्यार के गुलशन सजाऊंगा
घबरा के यूँ ना आंसू बहा, साथ मैं तेरे
साथ मैं तेरे, मैं साथ हूँ तेरे
तू है अकेला ..........

माना के मुझको आने में कुछ देर हो गई
मुरझा गया है जैसे के अंधेर हो गई
लेहरी तू मेरा मैं हूँ तेरा, साथ मैं तेरे
साथ मैं तेरे, मैं साथ हूँ तेरे
तू है अकेला ..........

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%a4%e0%a5%82-%e0%a4%b9%e0%a5%88-%e0%a4%85%e0%a4%95%e0%a5%87%e0%a4%b2%e0%a4%be-%e0%a4%95%e0%a5%88%e0%a4%b8%e0%a5%87-%e0%a4%ad%e0%a4%b2%e0%a4%be-by-uma-lahari/